डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन रविवार 26 अप्रैल 2026 | वर्ष-04 अंक-260 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

# मैं बेल पर हूं, मुझ पर 36 केस, ममता बनर्जी पर क्यों नहीं? बंगाल में राहुल गांधी ने घेरा

**कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अपने चरम पर है। शनिवार को बंगाल में एक रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ममता बनर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर जमकर हमला बोला।**

उन्होंने टीएमसी और भाजपा के ऊपर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने उनके ऊपर दर्जनों केस करवा रखे हैं, लेकिन ममता बनर्जी के ऊपर कोई केस नहीं है। पूरा देश जानता है कि टीएमसी भ्रष्टाचार में धंसी हुई है, इसके बाद भी इसके नेताओं के ऊपर कोई जांच नहीं है। राहुल ने कहा की ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा जानती है कि असली लड़ाई टीएमसी से नहीं है बल्कि कांग्रेस से है।

पश्चिम बंगाल चुनाव के मद्देनजर कोलकाता में एक रैली को संबोधित कर रहे राहुल गांधी ने ममता सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि मैं अभी बेल पर हूं। उन्होंने



कहा, आज में यहां आया हूं, मैं बेल पर हूं। नरेंद्र मोदी ने मेरा घर ले लिया। मेरे ऊपर केस कर दिए गए। मेरा सरकारी घर ले लिया गया। मेरी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई। ईडी ने मेरा 55 घंटे इंटेरोगेशन किया। आखिर ममता दीदी के ऊपर कोई केस क्यों नहीं है। ईडी ने ममता बनर्जी का इंटेरोगेशन क्यों नहीं किया।

कांग्रेस नेता ने अपने हमले को और भी ज्यादा तीखा करते हुए टीएमसी पर लगे आरोपों की फेहरिस्त खोल दी। उन्होंने कहा, पूरा बंगाल जानता है कि तृणमूल के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इन्होंने शारदा चिटफंड घोटाला किया। 17 लाख से ज्यादा निवेशकों के पैसे डुबो दिए। इनका 1900 करोड़ रुपए देनदारी का बकाया है। रोज वैली चिटफंड में लाखों लोगों का पैसा फंसा हुआ है।

पूरे राज्य में गुंडा टैक्स लिया जाता है। इसके बाद भी भाजपा और आरएसएस ने कभी ममता बनर्जी के खिलाफ जांच नहीं बैठाई। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा जानती है कि असली लड़ाई ममता बनर्जी से नहीं बल्कि कांग्रेस से है। राजद से है। प्रियंका गांधी से है।

# गंगा दशहरा (25 मई) पर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए जल गंगा संवर्धन अभियान से-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



बैठक में कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री अशोक बर्णवाल तथा संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 19 मार्च से आरंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। जिलों द्वारा अभियान के अंतर्गत कई नवाचार किए जा रहे हैं। सभी प्रदेशवासी अपने आस-पास की जल संरचनाओं की बेहतरी के कार्य से जुड़ें, इस उद्देश्य से 25 मई गंगा दशहरा पर विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएं।**

जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से इस अवसर पर ग्राम और वार्ड स्तर पर कुंआ, बावड़ी, तालाब, नहर आदि की सामूहिक सफाई, पौधरोपण, घाटों की सफाई और जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों में सामूहिक श्रमदान को प्रोत्साहित किया जाए। इन गतिविधियों में पंचायत और नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, व्यापारी संगठनों और अन्य संस्थाओं को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 16 विभागों की 82 गतिविधियां चिन्हित की गई हैं। जल संचय भागीदारी अभियान में मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी है। डिंडोरी और खण्डवा जिले राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे हैं। सभी जिले ऐसा नवाचार करें, जो राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण बनें। प्रत्येक विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की मॉनीटरिंग की जाए तथा इस आधार पर जिलों की रैंकिंग भी सुनिश्चित हो। गर्मियों में जनसामान्य के लिए प्याऊ लगाने, पेयजल स्त्रोतों के आस-पास सफाई, स्कूल और आंगनवाड़ी स्तर पर पेयजल स्त्रोतों के जल का गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से जल संरक्षण के लिए समाज में वातावरण निर्माण के उद्देश्य से व्यापक गतिविधियां संचालित की जाएं।

बैठक में बताया गया कि वन भूमि पर विकास कार्यों की अनुमति के लिए ऑनलाइन ऐप विकसित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 6 हजार 232 करोड़ रूपए की लागत से 2 लाख 43 हजार 887 कार्यों का लक्ष्य है। अभियान में गतिविधियों के संचालन में खण्डवा, खरगोन, डिण्डोरी, राजगढ़ और बालाघाट प्रथम रहे। नगरीय निकायों में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, नाले-नालों की सफाई और सौन्दर्यीकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत प्रथम पांच जिले बैतूल, अशोकनगर, बालाघाट, डिण्डोरी और नरसिंहपुर रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण के साथ ही पाइप लाइनों और नलों के लीकेज सुधारने जैसे कार्य भी किए जा रहे हैं। जन अभियान परिषद से जुड़ी संस्थाएं प्रभात फेरियों, रैलियों, जल संगोष्ठियों, दीवार लेखन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम स्तर पर अभियान के लिए वातावरण निर्मित कर रही है।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्यानिकी, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास, स्कूल शिक्षा, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, प्रदूषण नियंत्रण बार्ड, वन विभाग, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम, जन अभियान परिषद, उच्च शिक्षा, संस्कृति विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास तथा राजस्व विभाग द्वारा संचालित की गतिविधियों की जानकारी दी गई।

# स्वाति मालीवाल भाजपा में हुई शामिल, पीएम मोदी की तारीफ कर केजरीवाल पर किए हमले

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आप पार्टी छोड़ने के बाद कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने घर में गुंडे से पिटाई करवाई और केस वापस लेने का दबाव डाला। जबकि पीएम मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक इंटरव्यू में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला है। स्वाति मालीवाल ने कहा कि मैंने आप छोड़ दी है और भाजपा में शामिल हो गई हूं। मालीवाल ने रचनात्मक राजनीति करने के इच्छुक सभी लोगों से भाजपा में शामिल होने की अपील की।

उन्होंने बताया कि वह 2006 से अरविंद केजरीवाल के साथ काम कर रही थीं। उन्होंने हर आंदोलन में उनका साथ



दिया। मालीवाल ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने उनके घर में एक गुंडे से पिटाई करवाई। आवाज उठाने पर उन्हें धमकाया गया। उन पर एफआईआर वापस लेने का बहुत दबाव डाला गया। पार्टी ने उन्हें दो साल तक संसद में बोलने का अवसर नहीं दिया। इसे उन्होंने बहुत शर्मनाक बताया। उन्होंने केजरीवाल को महिला-विरोधी भी कहा।

मालीवाल ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी पंजाब को रिमोट से नियंत्रित कर रही है। इससे पंजाब उनका निजी एटीएम बन गया है।

पंजाब में रेत खनन और नशीली पदार्थों का इस्तेमाल चरम पर है। जो नेता आवाज उठाते हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होती है। केजरीवाल भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी के लिए जाने जाते हैं।

# मलेरिया डेंगू से बचाना है आसान हर स्थान पर रखें साफ सफाई का ध्यान-डॉक्टर अभिषेक जैन

## विश्व मलेरिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**विवेक खरे, देवेंद्रनगर**

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन द्वारा की गई। जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को मलेरिया रोग से बचाव हेतु शपथ दिलाई एवं वर्ष 2025 में मलेरिया में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्था में आयोजित की गई सभा के दौरान राजेश जैन सेक्टर सुपरवाइजर देवेंद्रनगर, डॉ राजेंद्र भैया प्रजापति सीएचओ बड़ागांव,सुष्मिता गोस्वामी एएनएम सकरिया,सरिता सिसोदिया एएनएम देवेंद्रनगर, शीला हालदार आशा कार्यकर्ता मकरी, अर्चना सिंह आशा कार्यकर्ता करहिया, राजेंद्र सिंह सेक्टर सुपरवाइजर बृजपुर को सीबीएमओ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. जैन ने बताया कि यह रोग मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसकी स्थापना वर्ष 2007 में विश्व स्वास्थ्य सभा के सदस्य देशों द्वारा इसे स्थापित किया गया था। कार्यक्रम में कमलेश प्रजापति (एमटीएस) ने जानकारी दी कि मच्छर कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का वाहक होते हैं जैसे मलेरिया-मादा एनोफिलीज मच्छर,डेंगू व चिकनगुनिया,एडीज मच्छर फाइलेरिया (हाथी पांव) कुलेक्स मच्छर।

**बचाव के उपायों पर विशेष बल**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा निम्नलिखित उपायों को अपनाने की अपील की गई घर के आसपास पानी जमा न होने दें,कूलर ड्रम टंकी आदि को खाली और सूखा रखें,जमा पानी पर मिट्टी का तेल या जला हुआ इंजन तेल डालें,सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।



**पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें**

कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है बुखार आने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क जांच कराएं। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा न लें।कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करने की अपील की।

**डॉ. जैन द्वारा सभी को दिलाई गई शपथ**

हम सब यह शपथ करते हैं कि अपने घरों के आसपास मच्छर जन्म की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देंगे। संग्रहित पानी को ढककर रखेंगे। सप्ताह में एक बार अवश्य बदलेंगे। मच्छरों के काटने से बचने के उपाय अपनाएंगे और मच्छरदानी का उपयोग करेंगे। स्वयं जागरूक रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे। जागरूकता फैलाना तथा उनसे बचाव एवं नियंत्रण के उपाय को प्रोत्साहित करना ही सबसे अच्छा उपाय है। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन रूपरेखा 2016-2030 लागू की गई है।

जिसका उद्देश्य है 2030 तक भारत को मलेरिया मुक्त राष्ट्र बनाना। डॉ जैन द्वारा कहा गया कि स्वस्थ भारत हो अपना मलेरिया मुक्त हो जीवन अपना।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और जनमानस को जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

# कर्मचारी समस्या निवारण शिविर में आए 12 आवेदन

**कुक्षी।** जनजातीय कार्य विभाग धार के सहायक आयुक्त नरोत्तम बरकड़े के निर्देशानुसार कुक्षी विकासखण्ड में विभागीय कर्मचारियों व शिक्षकों की समस्याओं के निवारण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्रमोन्नति, डी.ए. एरियर, वेतन विसंगति, नॉमिनी, शाला संचालन में आ रही कठिनाइयों आदि विषयों को लेकर शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, संकुल प्राचार्य नरेन्द्र कुमार सिर्वी सहित अन्य संस्थाओं के प्राचार्य तथा स्थापना, लेखा शाखा के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की उपस्थिति में आवेदन पत्र प्राप्त कर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने व निराकरण करने हेतु कहा गया।



## TSP से नॉन टीएसपी गृह जिलों में समायोजन की मांग, नेता प्रतिपक्ष को धरियावद में सौंपा ज्ञापन

**जुबेर अहमद**

**धरियावद।** TSP से नॉन टीएसपी गृह जिलों में समायोजन की मांग को लेकर शनिवार की धरियावद दौरे पर रहे कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को नॉन टीएसपी शिक्षक संघर्ष समिति ने ज्ञापन सौंपा है। जानकारी देते हुए नॉन टीएसपी शंकर से समिति ने बताया कि आपकी सरकार द्वारा वर्ष 2023 में नॉन टीएसपी के मूल निवासी कार्मिक जो टीएसपी क्षेत्र में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनका समायोजन चित्तौड़गढ़,राजसमंद तथा उदयपुर जिलों में कर दिया गया था। किंतु अभी भी हमारे बहुत से साथी नॉन टीएसपी में समायोजन से वंचित है। जबकि वर्तमान सरकार द्वारा 31.9.2025 के आदेशानुसार ऑनलाइन विकल्प पत्र भरवाये गए थे। किंतु उन पर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। बताया कि समस्त कार्मिकों का समायोजन जल्द से जल्द उनके गृह जिलों में करवाने का श्रम करें। महात्मा गांधी विद्यालयों में इस प्रकार की समस्या,घर परिवार से दूरी की समस्या, दुर्घटना,लंबी यात्रा और थकान के कारण कई शिक्षक नौकरी छोड़ने को मजबूर,बीमारी की समस्याओ सहित शिक्षक पीड़ित है। बताया कि हमारी नियुक्ति टीएसपी के लिए नहीं हुई थी। हमारी नियुक्ति नॉन टीएसपी जिले उदयपुर में हुई थी। लेकिन प्रतापगढ़ जिला बनने के पक्ष में इसे डार्क जोन बनाकर ट्रांसफर पर बेन लगवा दिया गया और 2014 में टीएसपी बना दिया। ज्ञापन में रवि प्रकाश व्यास,योगेश जाटव,तन्मय जाटव, केसरमल नैन, दयाचंद जानू, इंदरराज मीना, प्रेम राज मीना आदि शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने नेता प्रतिपक्ष का आभार जताया।



# ग्राम मडिया कंजरा में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ जारी, चतुर्थ दिवस पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

**दमोह। ग्राम मडिया कंजरा स्थित श्री देव मुरली मनोहर मंदिर में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ भक्तिमय वातावरण में निरंतर जारी है। दिनांक 21 अप्रैल से प्रारंभ होकर 28 अप्रैल 2025 तक चलने वाली इस कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3.15 बजे से हरि इच्छा तक किया जा रहा है।**

कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दिव्य प्रसंग सुनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भक्ति रस में सराबोर हो गए।

कथा प्रवक्ता पंडित श्री अभिरामदास जी महाराज (अभिषेक मिश्रा इंजीनियर), ग्राम उमरी द्वारा व्यासपीठ से कथा का अमृतमय श्रवण कराया जा रहा है। कार्यक्रम स्वर्गीय पंडित विद्या विलास पाठक बापू महाराज, पूर्व पुजारी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया है। मुख्य कथा श्रोता के रूप में श्रीमती माया रानी पाठक उपस्थित रहकर कथा श्रवण कर रही हैं।

चतुर्थ दिवस पर जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग प्रारंभ हुआ, पूरा मंदिर परिसर नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।




कथावाचक पंडित अभिरामदास जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार अधर्म पर धर्म की विजय, अन्याय पर न्याय की स्थापना और भक्तों की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होकर संतों एवं भक्तों का कल्याण करते हैं।

इस अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण में वर्णित पाँच प्रकार के मोक्ष सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य, सार्ष्टि और सायुज्य मोक्ष का भी विस्तार से वर्णन किया गया। साथ ही समुद्र मंथन प्रसंग के माध्यम से भगवान के कूर्म, धन्वंतरि एवं मोहिनी अवतारों का महत्व बताया गया।

कथा प्रवक्ता ने बताया कि कृपानाथ जै जै छोटे सरकार के सानिध्य एवं उनके गुरु ज्योतिर्विद पंडित श्री रामदास चौबे जी के मार्गदर्शन में ग्राम मडिया बंजारा से यह प्रथम कथा प्रारंभ की गई है।

उन्होंने कहा कि गुरुदेव पंडित श्री रामदास चौबे जी द्वारा लिखित गूढ़ भागवत कथा का अध्ययन कर उसका गुण रहस्य भक्तजनों को सुनाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राधे-कृष्ण के जयकारे लगाए तथा क्षेत्र में सुख, समृद्धि और धर्म भावना बनी रहने की कामना की।

कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

# प्रदेश के कुछ नवागत कलेक्टरों की शानदार कार्यशैली की हो रही, चौतरफा प्रशंसा.........

## प्रदेश के कुछ नवागत कलेक्टरों की शानदार कार्यशैली पर अलग हट कर, संघर्ष से सिद्धि की विशेष पेशकश......संजय जैन-सह संपादक की कलम से......

संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

## झाबुआ के नवागत कलेक्टर अपनी सक्रिय और जमीनी कार्यशैली के लिए चर्चा में.......


डॉ.योगेश तुकाराम भरसट-नवागत कलेक्टर,झाबुआ


राजेश बाथम-नवागत कलेक्टर,रतलाम


डॉ.सौरभ संजय सोनवणे-नवागत कलेक्टर,बैतूल


कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी-नवागत कलेक्टर,रीवा

**झाबुआ/इंदौर (संजय जैन-सह संपादक)।** झाबुआ के नवागत कलेक्टर डॉ.योगेश तुकाराम भरसट अपनी सक्रिय और जमीनी कार्यशैली के लिए चर्चा में हैं। यहां कार्यभार संभालने के पहले चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। यहां दर्शन के बाद वे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, पदभार ग्रहण करते ही एक्शन मोड में काम करना शुरू कर दिया है। पदभार संभालने के तुरंत बाद,जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामा का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटाइजेशन,ओपीडी व्यवस्था और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया,जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी है। शहर में कालिका माता मंदिर से होटल एम-2 तक निर्माणाधीन लिंक रोड का निरीक्षण किया और कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। ग्रीष्मकाल को देखते हुए जिले के 14,906 हैंडपंपों का व्यापक ऑडिट और 52 पाइप जल योजनाओं का सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। रेड,येलो और ग्रीन कोडिंग प्रणाली लागू कर, रेड ज़ोन वाले क्षेत्रों में टैंकर से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की है।

कार्यभार की शुरुआत पारंपरिक तरीके से की और जन सुविधाओं को सुधारने के लिए लगातार मैदानी अमले के साथ बैठकें कर रहे हैं।

उनकी कार्यशैली में त्वरित फैसले,स्थलीय निरीक्षण और जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान करना प्रमुख रूप से दिखाई दे रहा है।

**जिले की भौगोलिक स्थिति समझ लूं और जान लूं-रतलाम कलेक्टर.......**

रतलाम जिले के नए कलेक्टर राजेश बाथम कार्यभार संभालने के पहले वे कालका माता मंदिर पहुंचे। यहां माता के दर्शन के बाद वे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे,नवागत कलेक्टर ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि ज्वाइन किया है। पहले में जिले की भौगोलिक स्थिति समझ लूं और जान लूं की यहां की क्या प्राथमिकता है...? उस अनुसार अच्छे से अच्छा कार्य किया जाएगा। लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य किया जाएगा। मैंने जानकारी ली थी कि यहां की टीम ने पिछली बार भी चुनाव शांति पूर्ण संपन्न करवाए थे। मुझे आशा है कि इस बार भी उसी तरह शांतिपूर्ण रूप से चुनाव सम्पन्न करवाए जाएंगे।

**देशी अंदाज में गमछा लपेट गांव की नब्ज टटोलने पहुंचे बैतूल कलेक्टर, अंदाज देख लोग दंग...**

बैतूल कलेक्टर का देशी अंदाज देखने को मिला है। बैतूल जिले के नवागत कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने शुक्रवार को शाहपुर विकासखंड के ग्राम निशान एवं पंचायत पाठई का सघन भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। लेकिन इस दौरान कलेक्टर सोनवणे का देशी अंदाज भी चर्चा में आ गया,वो गमछा लपेटकर गांव की नब्ज टटोलने पहुंचे तो लोग देखते ही रह गए। इसी अंदाज में उन्होंने समस्याओं का जायजा लिया और दिक्कतों का जाना। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को सुधार के सख्त निर्देश दिए। सबसे पहले कलेक्टर डॉ सोनवणे ग्राम निशान स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे,जहां उन्होंने पेयजल व्यवस्था एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान बच्चों के भोजन में सब्जी नहीं मिलने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। जानकारी मिली कि समूह की महिला की तबीयत खराब होने के कारण सब्जी नहीं बन सकी। इस पर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो और निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नाश्ते में दिए गए उपमा को चखकर गुणवत्ता की भी जांच की।

**पदभार संभालते ही एक्शन में रीवा कलेक्टर-कुर्सी पर बैठने की बजाय बस से पहुंचे दूर-दराज के गांव........**

रीवा नवागत कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने स्थानीय सर्किट हाउस में पदभार संभालने के बाद, सभी अधिकारियों की बैठक ली और ऑफिस जाने के बजाए,अपने सरकारी वाहन के बजाय ट्रेवलर बस से अपने अधिकारियों के साथ लोगों की समस्या जानने दूर-दराज के इलाके में निकल गए। उन्होंने अपनी कार्यशैली से स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि अब प्रशासन दफ्तरों से नहीं,बल्कि जनता के बीच से चलेगा। उन्होंने न केवल ग्रामीणों की चौपाल लगाई,बल्कि अधिकारियों को भी फील्ड पर उतरकर समाधान करने के कड़े निर्देश दिए।

## खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने पहुंचे राजीव रावत सहित कई अतिथि

**(उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो)**
**9926809786**

वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन फुटबॉल क्लब द्वारा रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड पर आयोजित निशुल्क फुटबॉल समर कैंप के सातवें दिन खिलाड़ियों का जोश और ऊर्जा देखने लायक रही। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद नन्हें खिलाड़ियों का उत्साह कम नहीं हुआ और मैदान पर जमकर अभ्यास किया गया। आज के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व सदस्य जिला योजना समिति राजीव रावत मौजूद रहे। उनके साथ पार्षद आशा रावत, पेटलावद प्रभारी शैलेंद्र सिंह अटाना, मयंक कोठारी ने कार्यक्रम में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर अभ्यास सत्र का शुभारंभ किया। कैंप में खिलाड़ियों को चार अलग-अलग ग्रुप्स में आधुनिक फुटबॉल की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। इसमें ड्रिबलिंग, बॉल कंट्रोल, सटीक पासिंग तकनीक, टीम तालमेल और पोजीशनिंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## सम्पादकीय

# आयेगी दिक्कतें

तय मानिए कि यह बदलाव सिर्फ पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं रहेगा। कई अन्य चीजों और सेवाओं के दाम भी सरकार बढ़ा सकती है। निजी क्षेत्र तो उसका इंतजार भी नहीं करता, वह अभी ही अपने उत्पादों और सेवाओं को महंगा करने लगा है। और जब सरकार के फैसलों से उसके ऊपर बोझ बढ़ेगा तो वह एक के बदले तीन पैसे की वसूली अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं से शुरू कर देगा। सिर्फ सेवा देने वाले मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने का दौर शुरू हो गया है। जी हां, 29 अप्रैल तक भारत सरकार और उसके कर्ता-धर्ता बंगाल चुनाव में व्यस्त हैं। होने को तो पांच राज्यों के चुनाव अभी अपनी प्रक्रिया के बीच ही हैं और 29 के पहले तमिलनाडु का मतदान भी पूरा हो जाएगा लेकिन बंगाल चुनाव का दूसरा और अंतिम फेज 29 को पूरा होगा और उसके बाद ही प्रधानमंत्री समेत सरकार के सभी प्रमुख लोगों का ध्यान उधर से हटेगा। सबके रिजल्ट 4 मई को आने हैं और अगर नरेंद्र मोदी समेत सारे प्रमुख लोग चुनाव में इतने जुनून से जुटे हैं तो रिजल्ट का महत्व सहज समझा जा सकता है। लेकिन पांच राज्यों की विधान सभाओं के परिणाम और देश की राजनीति पर उसका प्रभाव सामने आए इससे पहले ही 29 रात से परिणाम आने की भविष्यवाणी करना मुश्किल नहीं है। सबसे पहला नंबर तो पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों का होना चाहिए। और खैरियत यही है कि ईरान अमेरिका/इजरायल युद्ध की आंच मद्धिम पड़ी है और संभव लगता है कि 29 तक कोई समझौता ही हो जाए। माहौल अभी भी बदला है और पेट्रोलियम के दाम समेत शेयर बाजार और सर्राफा बाजार की तेजी कुछ मद्धिम पड़ी भी है। लेकिन इससे हम आप नई मूल्य वृद्धि से बच नहीं सकते।

तय मानिए कि यह बदलाव सिर्फ पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं रहेगा। कई अन्य चीजों और सेवाओं के दाम भी सरकार बढ़ा सकती है। निजी क्षेत्र तो उसका इंतजार भी नहीं करता, वह अभी ही अपने उत्पादों और सेवाओं को महंगा करने लगा है। और जब सरकार के फैसलों से उसके ऊपर बोझ बढ़ेगा तो वह एक के बदले तीन पैसे की वसूली अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं से शुरू कर देगा। सिर्फ सेवा देने वाले मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने का दौर शुरू हो गया है और दस-बारह साल से रुका पड़ा यह काम आंदोलनों के सहारे चला है और बढ़ता गया है पर मजदूरों में बेचैनी कीमतों में सामान्य वृद्धि और गैस की किल्लत और कालाबाजारी से ज्यादा बढ़ी। काफी सारे प्रवासी मजदूर तो इस चक्कर में अपने देस लौट गए। और उनके ही नहीं आम आदमी के जीवन में ईंधन के महत्व को समझकर सरकारों के स्तर पर सक्रिय हुई हैं। पेट्रोल और गैस के दाम न बढ़ाना भी उसी तरह की सक्रियता है और इसके पीछे आम लोगों को राहत देना कितना बड़ा कारण है और पांच राज्यों की विधान सभाओं का चुनाव कितना बड़ा कारण यह समझना मुश्किल नहीं है। मोदीजी की राजनीति के लिहाज से चुनाव का मतलब सबसे ऊपर है और इसी आधार पर चुनाव बीतते ही कीमतों में बढ़ोतरी की बात कही जा रही है। यह संकेत भले मोदी जी की राजनीति को जानने वाले समझ जाएं, पर अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों से जो सूचनाएं आने लगी हैं वे बताती हैं कि चुनावी शोर की चीजों को नजरों से ओझल कर दे लेकिन आर्थिक सच्चाई पर परदा नहीं डाला जा सकता। सबसे पहले तो यही गणना बिगड़ गई है कि भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था की जगह छठे नंबर पर खिसक गया है। अभी तक प्रधानमंत्री तीसरी अर्थव्यवस्था बनने बनाने की बातें खूब कहा करते थे, अब उनकी तरफ से कोई बयान इस बारे में नहीं आया है।

## उज्जैन संभाग में कर्मचारी कल्याण की नई पहल-अखिलेश कुमार निगम के नेतृत्व में PMUMS की प्रथम बैठक सम्पन्न

### आलोट-रतलाम-उज्जैन में शिक्षकों का उत्साह, पारदर्शी एवं सेवा-समर्पित संगठन निर्माण का संकल्प

**अनिल भरावा**

**आलोट।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण कोष (PMUMS) के उज्जैन संभागीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत होने के उपरांत अखिलेश कुमार निगम के नेतृत्व में दिनांक 24 अप्रैल 2026 को ब्लॉक आलोट, जिला रतलाम में संगठन की प्रथम बैठक का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थापक सतीश खरे एवं प्रांतीय संयोजक पवन खरे की अनुशंसा से हुए मनोनयन को लेकर शिक्षकों में विशेष उत्साह और हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। उपस्थित शिक्षकों ने साफा पहनाकर एवं पुष्पहारों से अखिलेश कुमार निगम का जोर शोर से आत्मीय सम्मान किया। बैठक में निगम ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक शिक्षक साथियों को मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण कोष PMUMS से जोड़ने, पंजीयन बढ़ाने तथा दिवंगत शिक्षक परिवारों को सहयोग राशि प्रदान करने की पात्रता को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संगठन की पारदर्शी कार्यप्रणाली को विस्तार से प्रस्तुत



करते हुए पूर्ण ईमानदारी, निष्पक्षता एवं उच्च स्तर की सेवा भावना के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। साथ ही सभी शिक्षक साथियों से सहयोग एवं सहभागिता की अपील की।

कार्यक्रम का सफल संचालन PMUMS कर्मवीर प्रदीप गुप्ता द्वारा किया गया जबकि अंत में पंडित सुखदेव शर्मा ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में असलम अलगानी के नेतृत्व में PMUMS आलोट रतलाम इकाई का सशक्त एवं क्रांतिकारी आगाज भी देखने को मिला।

इस अवसर पर जावेद खान, कचरूलाल शर्मा, नागुलाल पाटीदार, प्रकाश परमार, कैलाश शर्मा, विक्रम सिंह परमार, बसंती लाल सोलंकी, साबिर हुसैन मंसूरी, मंजूर अहमद मंसूरी, गोवर्धन सोलंकी, लोकेश पोरवाल, कुशाल राव जाधव, पुखराज कारपेंटर, नंदलाल मारू, लखन गरवाल सहित अनेक शिक्षकों ने उपस्थित होकर अखिलेश कुमार निगम को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और संगठन को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। PMUMS की यह पहल निश्चित रूप से कर्मचारी हितों की दिशा में एक मजबूत और सकारात्मक कदम मानी जा रही है जिससे भविष्य में संगठन को नई ऊंचाइयां मिलने की उम्मीद है।

## SBI शाखा पारसोला ने जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत लाभार्थी को 2 लाख का चेक प्रदान किया

**जुबेर अहमद**

**धरियावद। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पारसोला शाखा द्वारा सामाजिक सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) के अंतर्गत स्वर्गीय हिरकी बाई ग्राम भरकुंडी के नाम पर 02 लाख रुपये की दावा राशि उनके परिजन को प्रदान की गई।**



इस अवसर पर बैंक शाखा परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वर्गीय हिरकी बाई के पति एवं नामांकित दावेदार कस्निया को चेक सौंपा गया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में आर्थिक सहायता मिलती है,जो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक दिनेश यादव,सेवा प्रबंधक दिनेश राठौड़,सहयोगी हरीश बिजेवार तथा व्यवसाय संवाददाता कमलेश मीणा उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक होने का संदेश दिया। बैंक अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## आदिनाथ जिनालय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बना आस्था का महापर्व, भक्ति, सेवा और सम्मान के संग धर्ममय हुआ नीमच शहर

**विनोद सांवला हरवार**
**8989532708**

**नीमच। शहर में आयोजित नवनिर्मित आदिनाथ जिनालय मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर में भक्ति, सेवा और संस्कारों का अद्भुत संगम देखने को मिला।**

आठ दिवसीय भव्य श्री आदिनाथ जिनालय प्रतिष्ठा महोत्सव में हर दिन धर्म के नए रंग मिले। 24 अप्रैल को भव्य प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां ड्रोन से पुष्प वर्षा हुई।

खरतरगच्छ गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरिश्वरजी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सुख, समृद्धि और वैभव केवल मेहनत से नहीं, बल्कि पुण्य कर्मों से प्राप्त होते हैं। उन्होंने भगवान भक्ति, जीव दया और सेवा कार्यों को मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताया।

आचार्य श्री ने कहा कि व्यापार हो या जीवन का कोई भी क्षेत्र, सफलता तभी मिलती है जब पुण्य साथ देता है। धर्मसभा में समाजजनों को सेवा, दान और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया गया।

नव निर्मित आदिनाथ जिनालय मंदिर के निर्माण में समाजजनों ने तन-मन-धन से सहयोग प्रदान किया। इस दौरान सहयोगकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा गया कि धार्मिक कार्यों में लगाया गया धन सदैव पुण्य का कारण बनता है।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शाही करवां के धर्म लाभार्थी सुजानमल-चंद्रकला बिरानी, प्रतिष्ठा महोत्सव के फले चुंदड़ी के लाभार्थी रिखब अनिल सुनील सिद्धार्थ गोपावत परिवार सहित अन्य परिवारों का श्री संघ पदाधिकारियों द्वारा स्वर्णमाला, पगड़ी एवं कुमकुम तिलक लगाकर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने तालियों की गूंज के साथ जैन धर्म की जय जयकार के जय घोष से सभागार को भक्तिमय बना दिया।

भजन संध्या में भजन गायक अभिषेक एल परमार मुंबई एवं महेश कसारा पाली मारवाड़ ने भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। केसरिया आज हमारा रंग केसरिया जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना से हुआ। साधु-साध्वियों के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने मंगलिक श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाजजनों ने गुरु भगवंतों को कामली ओढ़ाकर सम्मान किया।

महोत्सव में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, उद्योगपति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पूरा आयोजन भव्यता और धार्मिक उल्लास का प्रतीक बन गया।



# भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत किए जाए सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्य-अपर प्रमुख सचिव श्री दुबे

## सिंहस्थ 2028 में करीब 6 करोड़ श्रद्धालुओं का ओंकारेश्वर पहुंचना अनुमानित-कलेक्टर श्री गुप्ता

**आशीष वाणी**

**आलीराजपुर।** अपर प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास संजय दुबे ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के लिए ओंकारेश्वर में किए जाने वाले सभी निर्माण कार्यों में भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में सिंहस्थ के व्यस्ततम समय के लिए अनुमानित दर्शन क्षमता के अनुरूप भीड़ प्रबंधन के लिए होल्डिंग एरिया, आमजन और विशिष्टजन के लिए पृथक कारिडोर तथा आपातकालीन चिकित्सा रूट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग क्षेत्र में ईवी चार्जिंग प्वाइंट, ई-कार्ट, बैटरी संचालित साइकिल और व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने पैदल चलने वाले दर्शनार्थियों के लिए थोड़ी थोड़ी दूरी पर पेयजल की व्यवस्था करने तथा घाटों के समीप कुंड तैयार किए जाने के निर्देश दिए। श्री दुबे ने सिंहस्थ 2028 से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों की टेंडर की स्थिति, बजट प्रावधान और निर्माणाधीन कार्यों की वर्तमान स्थिति





की भी समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने कहा कि कुबेर भंडारी और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर तैयार किए जाने वाली पार्किंग सुविधा के लिए मास्टरप्लान के अनुरूप वन अनुमति शीघ्र प्राप्त की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गृह विभाग के जवानों की मंदिर, घाट, पार्किंग, इत्यादि क्षेत्रों के सम्बन्ध में स्पॉट ट्रेनिंग कर केवल प्रशिक्षण वाले क्षेत्र में ही तैनाती किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने बताया कि सिंहस्थ 2028 में करीब 6 करोड़ श्रद्धालुओं का ओंकारेश्वर पहुंचना अनुमानित है। उन्होंने सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मोरटक्का रेलवे स्टेशन, कोठी से ओंकारेश्वर लेफ्ट बाईपास और ओंकारेश्वर से कोठी राइट बाईपास रोड और अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों की जानकारी दी। बैठक में प्रबंध संचालक, मप्र पर्यटन विकास निगम डॉ इलैयाराजा टी सहित गृह, स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण-भवन, सेतु व सड़क, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग; तथा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नगर एवं ग्राम निवेश, मप्र विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक से पूर्व अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# जल मंदिर या सिर्फ दिखावा बदनावर में प्याऊ बने बेकार जनता परेशान

**बदनावर मोहित राठौड़**

**बदनावर गर्मी की शुरुआत के साथ ही बदनावर नगर में हर साल की तरह इस बार भी जल मंदिर और सार्वजनिक प्याऊ लगाए गए हैं। सोशल मीडिया और अखबारों में इनका प्रचार-प्रसार भी खूब किया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।**

बस स्टैंड के पास नगर विकास स्कूटर समिति द्वारा लगाए गए जल मंदिर की स्थिति बेहद चिंताजनक है।

यहां रखी पानी की टंकियां खाली पड़ी हैं और प्याऊ में पानी की एक बूंद तक उपलब्ध नहीं है। जबकि इस स्थान पर दिनभर हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

ऐसे में सवाल उठता है कि जब इन प्याऊ में पानी ही उपलब्ध नहीं है तो इन्हें लगाने का क्या औचित्य है क्या यह केवल






दिखावे और प्रचार का माध्यम बनकर रह गया है झांकी और मंडप के बाद क्या जिम्मेदार लोग इन व्यवस्थाओं को भूल जाते हैं? स्थिति यह है कि आम जनता को अपनी प्यास बुझाने के लिए दुकानों से पानी की बोतल खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रशासन और संबंधित संस्थाओं को चाहिए कि वे इन व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करें और सुनिश्चित करें कि जल मंदिर वास्तव में लोगों के काम आ सके।

# आलीराजपुर में मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु अधिकारियों की नियुक्ति

**आशीष वाणी**

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। 1 जनवरी 2026 की स्थिति को आधार मानकर फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार की जाएगी। इस कार्य के लिए आलीराजपुर, जोबट और चन्द्रशेखर आजाद नगर के लिए विभिन्न अधिकारियों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

नगर पालिका परिषद आलीराजपुर के लिए अनुविभागीय अधिकारी निधि मिश्रा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है, जबकि अन्य निकायों में संबंधित तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करेंगे और यह प्रक्रिया संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के मार्गदर्शन में संपादित की जाएगी।

# 'कागजों पर विकास, जमीन पर शून्य!' नांदा पंचायत में लाखों का खेल-बिलों में निर्माण, हकीकत में सन्नाटा

**बैतूल ब्यूरो देवीनाथ लोखंडे**

**बैतूल/भीमपुर।** जनपद पंचायत भीमपुर की ग्राम पंचायत नांदा में कथित भ्रष्टाचार का ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पंचायत दर्पण में दर्ज बिलों ने विकास की हकीकत उजागर कर दी है जहां कागजों में लाखों रुपए खर्च दिखाए गए, वहीं धरातल पर किसी भी प्रकार का निर्माण नजर नहीं आ रहा।

ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पंचायत में बिना भूमि स्वीकृति, बिना प्रस्ताव और बिना स्थल चिन्हांकन के ही कार्य दर्शाकर लाखों रुपए का भुगतान निकाल लिया गया। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि कागजी विकास के नाम पर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है।


**बिलों का खेल-सवालों के घेरे में भुगतान**

पंचायत दर्पण में दर्ज जानकारी के अनुसार-11/04/2026 को 1,37,750 का चैनल/अन्य सामग्री का बिल 09/04/2026 को 72,000 ईंटों का बिल 11/04/2026 को ?7,68,000 का प्रोफाइल शीट का बिल 77,500 का सीमेंट बिल

इन सभी बिलों में जय बिरसा ट्रेडर्स (मटेरियल सप्लायर) का नाम सामने आ रहा है। लेकिन आरोप यह है कि संबंधित सप्लायर के पास वास्तविक रूप से इतनी सामग्री उपलब्ध ही नहीं है, फिर भी लाखों के बिल जारी कर भुगतान दर्शाया गया।

**'कमीशनखोरी' का आरोप, मिलीभगत की आशंका**

स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि पंचायत और जनपद स्तर पर कमीशनखोरी के चलते इस तरह के बिल पास किए जाते हैं। बिना वास्तविक आपूर्ति और बिना कार्य के ही भुगतान होना सीधे



तौर पर वित्तीय अनियमितता की ओर इशारा करता है।

**शिकायतकर्ता को धमकी-डराने की कोशिश?**

मामले को उजागर करने वाले शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सरपंच और सचिव के खिलाफ आवाज उठाने पर उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से धमकियां दी जा रही हैं। यह घटनाक्रम इस पूरे मामले को और गंभीर बना देता है और यह सवाल उठाता है कि क्या सच सामने लाने वालों को दबाने की कोशिश की जा रही है?

**अधिकारियों की चुप्पी ने बढ़ाए संदेह**

जब इस संबंध में जनपद स्तर के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो फोन तक नहीं उठाया गया। जिम्मेदार अधिकारियों की यह चुप्पी कई तरह के संदेहों को जन्म दे रही है क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर पूरे मामले में गहरी मिलीभगत?

**निष्पक्ष जांच की मांग**

ग्रामीणों में इस पूरे मामले को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि जमीन पर कुछ नहीं, लेकिन कागज़ों में लाखों खर्च यह सीधा-सीधा शासन की राशि का गबन है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और निकाली गई राशि की वसूली हो।

**उठते बड़े सवाल**

बिना भूमि और प्रस्ताव के भुगतान कैसे हुआ? जब सामग्री उपलब्ध नहीं थी, तो बिल किस आधार पर बने?

क्या पंचायत और जनपद स्तर पर मिलीभगत से यह खेल चल रहा है? शिकायतकर्ताओं को धमकी देने के पीछे कौन लोग हैं? फिलहाल, नांदा पंचायत का यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर कब कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### पेटलावद में दिनदहाड़े लूट

# भाजपा नेता की पत्नी के गले से झपटी सोने की चेन, सीसीटीवी में कैद हुए बाइक सवार बदमाश

**दिपेश पड़ियार**

**पेटलावद।** नगर की शांत कही जाने वाली महावीर कॉलोनी शनिवार शाम उस वक्त दहशत में आ गई, जब दो बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक और महावीर समिति के अध्यक्ष संजय (गुड्डू) भंडारी की पत्नी निशा भंडारी अपनी पोती को कोचिंग छोड़कर घर लौट रही थीं, तभी घात लगाए बैठे लुटेरों ने उनके गले से करीब 20 ग्राम वजनी सोने की चेन झपट ली। छीनी गई चेन की कीमत लगभग 3 लाख रुपए बताई जा रही है।

वारदात का तरीका देखकर स्पष्ट है कि आरोपियों ने पूरी रेकी की थी। सीसीटीवी फुटेज में पल्सर बाइक पर सवार दो संदिग्ध बदमाश वारदात से पहले क्षेत्र में चक्कर लगाते हुए कैद हुए हैं। घटना शाम करीब 4ः15 बजे की है, जिसके तुरंत बाद आरोपी माधव कॉलोनी की गली से होते हुए श्रद्धांजलि चौक और फिर बामनिया की ओर तेजी से फरार हो गए। सूचना मिलते ही टीआई निर्भयसिंह भूरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने परिजनों के साथ मिलकर पूरे रास्ते के सीसीटीवी कैमरों की जांच की है, जिसमें बदमाशों का हुलिया नजर आ रहा है। पेटलावद नगर में पिछले दस दिनों के



भीतर यह चौथी बड़ी वारदात है, जिसने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पहले भी इसी गली में एक व्यक्ति से मोबाइल और कड़ा लूटने की घटना हो चुकी है। वहीं, थांदला रोड पर पंकज ट्रेडर्स के यहां सेंधमारी और एक कियोस्क सेंटर से 10 हजार रुपए की चोरी की घटनाएं भी सामने आई थीं। हालांकि पिछली वारदातें रात के अंधेरे में हुई थीं, लेकिन शनिवार की इस घटना ने दिनदहाड़े हुई लूट से नागरिकों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। लगातार बढ़ते अपराधों ने पुलिस प्रशासन के सामने कड़ी चुनौती पेश कर दी है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# तहसीलदार निगवाल ने शनिवार हाट बाजार में ट्रैफिक कंट्रोल की कमान सम्हाली

**पंकज गोस्वामी**

**राणापुर। शनिवार हाट बाजार के दिन झाबुआ रोड नाके से लेकर पुराने बस स्टैण्ड तक भारी आवागमन चलता रहता है इससे सार्वजनिक रोड पर जाम की स्थिति होकर ट्रैफिक जाम हो जाता जिससे आम नागरिक ओर खासकर मरीजों को अस्पताल तक लाने लेजाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।**

नगर में बेतरतीब वाहन खड़े करने ओर अतिक्रमण को लेकर आए दिन मीडिया के द्वारा समाचार प्रकाशित किए जा रहे थे। दैनिक संघर्ष से सिद्धि समाचार पत्र ने इस मुद्दे को गम्भीरता से उठाया था वहीं दैनिक त्रिनेत्र की नज़र समाचार पत्र ने 25 अप्रैल 2026 को इस मुद्दे की उठाया था। वाहन परिचालक संघ ने भी मंगलवार को कलेक्टर जन सुनवाई में लिखित शिकायत भी की थी। 25 अप्रैल 2026

शनिवार हाट बाजार के दिन राणापुर में पदस्थ तहसीलदार हुकुम सिंह निगवाल ने ट्रैफिक कंट्रोल अपने हाथ में लिया ओर पुलिस ओर नगर परिषद के कर्मचारी सहयोगी बने ।

स्वय हुकुम सिंह निगवाल तहसीलदार भीषण गर्मी में अन्य सहयोगियों के साथ राणापुर के झाबुआ रोड नाके पर बीच रोड पर खड़े होकर ट्रैफिक नियंत्रण करते नजर आए इससे नगर के नागरिकों ओर खासकर वाहन चालकों ने राहत की सांस ली क्योंकि सबसे ज्यादा वाहन चालकों दो पहिया वाहन ओर चार पहिया वाहन निकालने वाले को भारी मशक्कत करना पड़ती थी।

तहसीलदार हुकुम सिंह निगवाल से नगर वासियों की उम्मीद जागी कि अब नगर में भी यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जाकर बेतरतीब वाहन खड़े करने वालो ओर सार्वजनिक रोड पर अतिक्रमण करने वालो पर भी कार्यवाही की जाकर नगर वासियों को राहत प्रदान की जावेगी। नगर परिषद रानापुर के जवाबदार पदाधिकारी, अध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि सभी मिलकर स्थानीय बस स्टैण्ड यात्री प्रतीक्षालय ओर आवागमन वाले रोड से अतिक्रमण हटवाने की पहल कर नगर परिषद के सीएमओ को निर्देशित करेंगे।

शनिवार हाट बाजार के दिन ट्रैफिक कंट्रोल के व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए भीषण गर्मी में ड्यूटी करने वाले तहसीलदार राजस्व स्टाफ पुलिस विभाग ओर नगर परिषद के कर्मचारियों को धन्यवाद।


अतिक्रमण का दंश झेल रहे नगर वासी क्या जिला प्रशासन करेगा सख्त कार्यवाही...

नेता वोट लेकर भूले अपनी बर्बादी पर आंसू बहाता नगर चारों तरफ अतिक्रमण ही अतिक्रमण...

शनिवार हाट बाजार के दिन लगता जाम नगर में गुजरते वाहन, क्या नगर परिषद ने बाजार वसूली के चक्कर में सड़क रखी दुकानदारों के पास गिरवी...



# छायन पश्चिम में होने जा रही है 25 अप्रैल से 1 मई तक संगीत मय भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**दिपेश पड़ियार**

पश्चिम छायन में श्री गणेश मंदिर जों कि बामनीया एवं गोदडीया के बिच में स्थिति है तथा लाड़की नदी डेम पर सप्त दिवसीय संगीतमय में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है कथा प्रवक्ता परम् पूज्या शीतल दीदी रामायणी अयोध्या वासि के मुखारविंद से शुरू होने जा रही है।

दिनांक 25 अप्रैल को प्रातः 9.00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जावेगी और, दोपहर 1.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक कथा श्रवण करवाई जाएंगी। 1 मई को श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा भागवत कथा प्रवक्ता पूजा शीतल दीदी के अनुसार मनुष्य के भाग्योदय से ही भागवत कथा सुनने का सुअवसर प्राप्त होता है। बिलेश्वर महादेव मंदिर एवं गणेश मंदिर निर्माण समिति छायन पश्चिम का आप सभी श्रद्धालुओं से विशेष आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म का लाभ ले और इस धार्मिक महा आयोजन में तन मन धन से सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

# राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज करेंगे खर्राघाट धाम विकास कार्य का भूमिपूजन



**दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज 25 अप्रैल को दमोह जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे अपराह्न 4.30 बजे माड़नखेड़ा पहुंचकर श्री शिव शक्ति एकादश महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण में सहभागिता करेंगे।**

इसके बाद राज्यमंत्री श्री लोधी शाम 5 बजे माड़नखेड़ा से खर्राघाट (हरदुआ हाथीघाट) के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 5.30 बजे वे खर्राघाट धाम एवं पर्यटन विभाग द्वारा धाम के विकास एवं सौन्दर्यकरण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसके पश्चात वे शाम 6.30 बजे जबेरा क्षेत्र में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता करेंगे। राज्यमंत्री के दौरे को लेकर क्षेत्र में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# दोस्ती का अनोखा नजारा, सूखे कुएं में 15 घंटे तक साथ रहे बछड़ा और तेंदुआ

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक सूखे कुंए में तेंदुआ और बछड़ा गिर गए, इस गहरे कुंए में दोनों तक़रीबन 15 घंटे तक साथ रहे। आश्चर्य की बात यह रही कि छोटे बछड़े को शिकारी तेंदुए ने किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। बछड़ा और तेंदुआ के कुंआ में गिरने की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने इन दोनों को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला। यह वाकया इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। संकट की घडी में दोनों के बीच बहुत ही आत्मीय और दोस्ताना रिश्ता कायम रहा, जबकि बछड़ा तेंदुए का पसंदीदा शिकार है।



वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को बड़ी सूझबूझ के साथ रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की। जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के दक्षिण वनमंडल के रैपुरा रेंज अंतर्गत अलौनी बीट के ग्राम मक्केपाला में तेंदुआ और बछड़ा एक ही कुंए में गिर गए थे।

करीब 15 घंटे तक दोनों साथ फंसे रहे, फिर भी तेंदुआ जो कि बछड़े का शिकारी माना जाता है, उसने बछड़े कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। कुंए के भीतर अविश्वसनीय नजारा दिखाई दिया, कभी बछड़ा तेंदुए की पीठ पर बैठता तो कभी तेंदुआ उसके पास जाकर उसे चाटता नजर आया। दोनों के बीच संकट के समय बनी यह दोस्ती अब एक मिसाल बन चुकी है।

सूखे और गहरे कुंए से इन दोनों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने शानदार तरीका अपनाया। उन्होंने लकड़ी के लट्ठों और रस्सियों से अस्थायी सीढ़ी तैयार की, जिसके सहारे तेंदुआ सुरक्षित बाहर निकल आया। रेस्क्यू आपरेशन की रणनीति कुछ इस तरह बनाई गई कि बाहर निकलते ही तेंदुआ गांव की ओर न जाकर सीधे जंगल की तरफ जाए।

# खनिजों का अवैध परिवहन करने पर लगातार की जा रही कार्रवाई



**हेमंत वर्मा संवाददाता राजनांदगांव**

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर राजेश नेताम द्वारा पाटेकोहरा चेकपोस्ट बैरियर के समीप चारामा (कांकेर) से रेत परिवहन कर रहे हाईवा क्रमांक सीजी 08 बीडी 5999 की जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम बैरागीभेड़ी तहसील छुरिया निवासी वाहन चालक हेमचंद से खनिज परिवहन हेतु आवश्यक पीट पास एवं अन्य वैध दस्तावेजों की मांग की गई। वाहन चालक द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर रेत सहित वाहन को जप्त कर थाना चिचोला को सुपुर्द किया गया। राजस्व विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# जावद के गौभक्त नारायण सोमानी ने कहा गौमाता को राष्ट्रीय दर्जा मिले, निकाली जागरूकता रैली

**जावद।** नगर में एक फोन पर जनसमस्या हल करने वाले गौभक्त नारायण सोमानी ने कहा देश, प्रदेश, जिला के साथ जावद विधानसभा क्षेत्र 230 में गो सम्मान आहवान अभियान तेज गति से चल रहा है। गौभक्त नारायण सोमानी, प्रकाश सेन, अजयप्रताप सिंह राणावत, विनोद गायरी, रुपलाल पाटीदार, नंदकिशोर पाटीदार, ताराचंद गायरी, लोकेश नागदा, सुनील माली, कन्हैयालाल पाटीदार, सत्यनारायण धनगर, मनोज पाटीदार, प्रभात पाल, महेश राठौर, खुशबु पाटीदार, गिरिजा पाटीदार, संजना पाटीदार, रंजना पाटीदार, गायत्री पाटीदार, चंद्रकला पाटीदार, बिना पाटीदार, दोपद्री पाटीदार, निर्मला पाटीदार, कृष्णा धनगर, विष्णा धनगर, धीरज पाटीदार, लविश पाटीदार, देव धनगर सहित मौजूद सक्रिय रुप से गौमाता को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने हेतु सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है। गौमाता की सेवा करने वाले गौभक्त नारायण सोमानी ने बताया है कि दिनांक 27 अप्रैल 2026 सोमवार को प्रातः 10 बजे नगर एवं आसपास क्षेत्रों के गौभक्त एकत्रित होकर कृषि उपज मंडी से पैदल चलकर तहसील कार्यालय पहुंचेंगे जहा तहसीलदार को लिखित में प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। सभी से निवेदन है कि समय के पहले पहुंचकर इस अभियान को सार्थक करें। नगर में एक फोन पर गौमाता की सेवा करने वाले गौभक्त नारायण सोमानी सहित गोसेवको ने कहा यह अभियान किसी संस्था अथवा संगठन के बैनर तले ना होकर केवल ईश्वर, गोमाता, और नंदी बाबा के सानिध्य में हो रहा है। सम्मान आहवान अभियान के तहत 27 अप्रैल 2026 सोमवार को पूरे देश में पांच हजार से अधिक तहसीलों में एक साथ एक समय में तहसीलदार, ब्लाक अधिकारी, अनुमंडल अधिकारी, एसडीएम, जिला कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री महोदय के नाम गो सेवा, गो सुरक्षा।



# ग्राम घुपसाल के सभी किसानों ने कम पानी वाली फसलों को अपनाकर दिया नया उदाहरण

**हेमंत वर्मा संवाददाता**

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड के ग्राम घुपसाल में किसानों द्वारा जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए रबी सीजन में धान जैसी अधिक पानी की आवश्यकता वाली फसल के स्थान पर कम पानी में तैयार होने वाली फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। यह परिवर्तन क्षेत्र में जल संकट को ध्यान में रखते हुए किसानों की जागरूकता और सकारात्मक सोच के साथ सामूहिक निर्णय लेकर किया गया। जिससे ग्राम का भू-जल स्तर बढ़ा है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज छुरिया विकासखंड के ग्राम घुपसाल पहुंचकर किसानों द्वारा किए जा रहे इस नवाचार का अवलोकन किया। उन्होंने खेतों में जाकर फसलों की स्थिति देखी तथा किसानों से चर्चा कर उनकी खेती की पद्धतियों एवं अनुभवों की जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को अपनाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। इससे न केवल जल संरक्षण संभव होगा, बल्कि खेती की लागत में कमी आने के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने अन्य किसानों को भी इस मॉडल को अपनाने के लिए प्रेरित करने कहा।

ग्रामीणों ने बताया कि इस बदलाव से पानी की बचत हो रही है और फसल उत्पादन भी बेहतर हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि पूर्व में गर्मी के मौसम में भू-जल स्तर नीचे चले जाने से सूखे जैसी स्थिति बन जाती थी।

मार्च माह के बाद गांव के तालाब, हैंडपंप एवं नालों में पानी नहीं रहता था, जिससे पेयजल एवं निस्तारी की गंभीर समस्या उत्पन्न होती थी। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के सामूहिक प्रयास एवं महत्वपूर्ण निर्णय से इस वर्ष लगभग 350 एकड़ से अधिक रकबे में रबी मौसम में मक्का एवं अन्य दलहन-तिलहन जैसी कम पानी वाली



फसलों का उत्पादन किया गया है। इसके परिणामस्वरूप ग्राम में भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है तथा पेयजल एवं निस्तारी कार्यों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जहां पूर्व में फागुन माह के बाद तालाब सूख जाते थे, वहीं इस वर्ष अभी भी निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह, सीईओ छुरिया श्री होरी लाल साहू, सरपंच नरेश शुक्ला, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चंद्रकेशरी (उद्गम स्थल) पर पूजन एवं जल संवाद सम्पन्न

**उज्जैन। शनिवार को ग्राम मानपुरा में ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷अंतर्गत चयनित नदी चंद्रकेशरी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री मोहन नागर उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, श्री नंदलाल यादव प्रेस क्लब अध्यक्ष, श्रीमती अजीता परमार, श्री शिवप्रसाद मालवीय, श्री अजय जोशी, सरपंच श्री मनोज सिंह तंवर, श्री जय दीक्षित जिला समन्वयक, अतिथियों द्वारा विधि-विधान से उद्गम स्थल पर पूजार्चन कर श्रमदान किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री मोहन नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज को संगठित होकर जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। श्री नंदलाल यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, देव संजीवन सामाजिक कल्याण संस्था ने कहा कि जल जीवन का आधार है, इसके संरक्षण हेतु प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर योगदान देना चाहिए। श्रीमती अजीता परमार (शासकीय निकाय सदस्य एवं जिला




पंचायत सदस्य) ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास गांवों के सतत विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में श्री अरुण व्यास (विकासखंड समन्वयक), श्री अभय धर्मे (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) एवं श्री कुलदीप राजपुरोहित सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवांकुर संस्था, परामर्शदाता करुणा शितोले, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए श्रमदान किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश रावल ने किया एवं आभार सरपंच श्री मनोज सिंह तंवर ने माना।

## साहित्यकार दिनेश तिवारी उपवन वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के साहित्य प्रकोष्ठ के इंदौर संभाग के संयोजक नियुक्त

**इंदौर। पत्र लेखक मंच के प्रांतीय अध्यक्ष और शिक्षक साहित्यकार दिनेश तिवारी उपवन वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री राजकुमार दुबे जबलपुर की सहमति से इंदौर संभाग के साहित्य प्रकोष्ठ के सर्वानुमति से अध्यक्ष मनोनीत किए गए।**



साहित्यकार दिनेश तिवारी उपवन ने बताया कि शीघ्र ही इंदौर में संभाग के वरिष्ठ साहित्य मनीषियों का एक शानदार और यादगार साहित्यिक समागम और साहित्यिक अनुष्ठान संपन्न होगा। तिवारी की इस नियुक्ति पर इंदौर पेंशनर एसोसिएशन के

वरिष्ठ पदाधिकारी सर्वश्री देवी सिंह बारूपाल, भगवती प्रसाद पंडित, नरेंद्र सिंह ठाकुर, राजेश जोशी और इंदौर जिला पेंशनर महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती उमा हार्डियाआदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई प्रेषित की है। साहित्यकार दिनेश तिवारी उपवन ने अपनी इस नियुक्ति पर प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार दुबे का अंतर्मन से आभार व्यक्त किया है।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 आज, चार केंद्रों पर होगी परीक्षा

**दमोह।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन 26 अप्रैल को दमोह जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा ओएमआर पद्धति से दो सत्रों में संपन्न होगी। प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा।



जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के लिए चार शैक्षणिक संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दमोह, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह तथा शासकीय ईएफए जे.पी.बी.क. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह शामिल हैं।

## विज्ञान मंथन यात्रा में विद्यार्थियों को मिला अंतरिक्ष एवं ब्रह्मांड विज्ञान का अनुभव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित 'विज्ञान मंथन यात्रा' विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, अनुभव और प्रेरणा का सशक्त माध्यम बन रही है। यात्रा में प्रतिभागियों को अंतरिक्ष विज्ञान, आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक विरासत से जुड़ा प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके भीतर जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हो रहा है। यात्रा के दौरान श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र और चेन्नई के बी. एम. बिरला प्लैनेटोरियम का भ्रमण कराया गया। श्रीहरिकोटा में विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष प्रक्षेपण की तकनीक को समझा, वहीं चेन्नई में ब्रह्मांड विज्ञान और वैज्ञानिक अवधारणाओं का अनुभव प्राप्त किया।



आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भारत के प्रमुख प्रक्षेपण केंद्र की संरचना और कार्यप्रणाली को समझा। पुलिकट झील और बंगाल की खाड़ी से घिरे इस केंद्र की भौगोलिक स्थिति प्रक्षेपण के लिए अनुकूल है। भूमध्य रेखा के निकट होने से यहाँ से प्रक्षेपण में ईंधन की बचत होती है और पेलोड क्षमता बढ़ती है। लगभग 145 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस केंद्र में अत्याधुनिक अवसंरचनाएं विकसित की गई हैं।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय लॉन्च पैड की तकनीकी जानकारी दी गई। प्रथम लॉन्च पैड मुख्यतः पीएसएलवी के लिए उपयोगी है, जबकि द्वितीय लॉन्च पैड आधुनिक यूनिवर्सल लॉन्च सिस्टम से युक्त है, जहाँ से पीएसएलवी, जीएसएलवी और एलवीएम-3 जैसे प्रक्षेपण यान संचालित किए जाते हैं। विद्यार्थियों ने दोनों प्रणालियों के अंतर को समझा। मिशन कंट्रोल सेंटर की कार्यप्रणाली से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया, जहाँ से प्रक्षेपण की प्रत्येक प्रक्रिया की रीयल-टाइम निगरानी की जाती है। इस अवसर पर मैपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, नवाचार और स्टार्ट-अप्स के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और भारतीय वैज्ञानिक परंपरा का उल्लेख किया।

## 3 लाख 97 हजार 516 किसानों से 16 लाख 64 हजार 157 मे. टन गेहूं का उपार्जन

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मे.टन गेहूं का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष युद्ध की विपरीत परिस्थिति के बावजूद किसानों के हित में सरकार द्वारा 100 लाख मे.टन गेहूं के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है। सभी जिलों में मध्यम एवं बड़े किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा पूर्व वर्ष अनुसार ही की गई है। पूरे प्रदेश में स्लॉट बुकिंग की तारीख 30 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 9 मई तक की गई है। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी के लिये प्रत्येक शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन का कार्य जारी रहेगा। अभी तक प्रदेश मे समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये 8.55 लाख किसानों द्वारा 39.10 लाख मे. टन गेहूं के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किए जा चुके है। प्रदेश में 3 लाख 97 हजार 516 किसानों से 16 लाख 64 हजार 157 मे. टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले 2,037,504 किसानों को 2533.53 करोड़ रुपये के भुगतान के लिये ईपीओ जनरेट किए गए।

# संगठन की शक्ति ही हमारी जीत की पुंजी है-भगवानसिंह परमार

# महिला सम्मान का अपमान बर्दाश्त नहीं-जिलाध्यक्ष श्री धाकड़

**उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला उज्जैन ग्रामीण की बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में जिलास्तरीय विचार गोष्ठी रांगोली गार्डन, बायपास नागदा में आयोजित की गई।**

विचार गोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवानसिंह परमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। गोष्ठी का उद्देश्य संगठनात्मक समन्वय को बढ़ाना ओर आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार करना है। अजा मोर्चा का दायित्व है कि वह अनुसुचित जाति समाज को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें मुख्यधारा में लाये। कार्यकर्ताओं को बूथस्तर पर सक्रिय होकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की रीति नीति पहुंचाने का कार्य करना है।

जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से अनुसुचित जाति वर्ग के लिये शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य ओर स्वरोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्री गजेन्द्र परमार ने बताया कि विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से नागदा खाचरौद



विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, अजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री गणपत डाबी, अजा मोर्चा प्रदेश मंत्री डॉ. जगदीश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमलाकुंवर देवड़ा, नगर पालिका नागदा अध्यक्ष संतोष ओमप्रकाश गेहलोत मंचासीन रहे, विचार गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री राकेश यादव ने किया एवं आभार अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा चौहान ने माना।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम के कांग्रेस विरोध के विरूद्ध भाजपा की जनआक्रोशी रैली व राहुल गांधी का पुतला दहन**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरूद्ध में कांग्रेस के विरोध के विरूद्ध भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण द्वारा नागदा में भव्य आक्रोश रैली का आयोजन किया गया, रैली में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता की कड़ी निंदा की। रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नागदा बस स्टेण्ड पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का प्रतिकात्मक पुतलादहन कर रैली का समापन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने एवं राजनीति में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का ऐतिहासिक कदम है लेकिन कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण का विरोध किया है। कांग्रेस का यह विरोध सिर्फ राजनीति नहीं बल्कि 50 प्रतिशत आबादी वाली नारी शक्ति का अपमान है।

युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल वर्मा ने आक्रोश रैली में आक्रोशित लहजे में कांग्रेस को चेतावदी देते हुए कहा कि वह महिलाओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ ना करें, अन्यथा जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। नागदा खाचरौद विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस महिला सशक्तिकरण के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती है। कांग्रेस ने 27 वर्षो तक इस बिल को संसद में लंबित रखा। जबकि भाजपा ही वह पार्टी है, जिसने महिलाओं को पंचायत से लेकर संसद तक बढ़ावा दिया है। आक्रोश रैली के दौरान महिलाओं ओर कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी होश में आओ, ओर महिला विरोधी कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाए। रैली में मुख्य रूप से महिला नेत्री श्रीमती रीतु पाटीदार, श्रीमती वर्षा पाटोदी, श्रीमती अजीत परमार, श्रीमती पुष्पा चौहान, श्रीमती उमा पाण्डे, श्रीमती उषा सोनी, श्रीमती मनीषा शर्मा, श्रीमती संतोष गेहलोत सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा एवं अनुसुचित जाति के सेकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा अंतर्गत जिला स्तरीय व्याख्यान माला सम्पन्न

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला उज्जैन द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा के अवसर पर शनिवार को एक गरिमामय जिला स्तरीय व्याख्यान माला का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय, दशहरा मैदान उज्जैन में किया गया। कार्यक्रम में विद्वानों एवं संतजनों के प्रेरणादायक उद्बोधन ने उपस्थित जनसमुदाय को भारतीय संस्कृति, अद्वैत दर्शन एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री मोहन नागर उपाध्यक्ष, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद रहे। मुख्य वक्ता के रूप में परम पूज्य संत स्वामी असंगानंद जी महाराज ने अपने उद्बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन, उनके अद्वैत वेदांत दर्शन एवं समाज में उनके योगदान पर



विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी का जीवन हमें सत्य, ज्ञान और एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अजीता परमार, शासी निकाय सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को समाज के नैतिक एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक श्री शिव प्रसाद मालवीय ने परिषद की गतिविधियों एवं जन-जागरूकता अभियानों की जानकारी साझा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पौराणिक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को ऐसे आयोजनों से अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। आपके द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण पर विशेष कार्य करने वाले सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी, नवांकुर संस्था, प्रस्फुकटन समिति सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मानित किया गया।

# उज्जैन के बगलामुखी में नवनिर्मित विशाल अन्नक्षेत्र का आज उद्घाटन

**उज्जैन। भैरवगढ़ रोड स्थित उज्जैन के प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर में नवनिर्मित अन्नक्षेत्र का उद्घाटन आज रविवार को शाम 6 बजे भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर गादीपति योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में होगा।**

उक्त अन्नक्षेत्र का निर्माण भोसरी पुणे महाराष्ट्र के रहने वाले उद्योगपति बालासाहेब हीरामण लांडगे ने महंत श्री रामनाथ जी की प्रेरणा से हिरामण केशव लांडगे व कृष्णाबाई रामभाऊ येलवंडे की पुण्य स्मृति में कराया है। उद्घाटन समारोह उज्जैन के संत-महंत, जनप्रतिनिधि, ब्राह्मण व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रसिद्ध नृत्यांगना रागिनी मक्खर इंडियाज गॉट टैलेंट विनर की प्रस्तुति भी होगी। इस विशाल अन्नक्षेत्र में भक्तों के



लिए प्रसादी की व्यवस्था संचालित की जाएगी। सिंहस्थ 2028 में इसका बड़ा लाभ मिलेगा। कई महीनों से इसका निर्माण चल रहा था। अन्नक्षेत्र में अनेक प्रकार की हाईटेक मशीनें भी लगाई गई है जिससे स्वादिष्ट भोजन तैयार होगा। अन्नक्षेत्र का विशाल भवन बनकर तैयार है। उद्घाटन के बाद इसे प्रसादी के लिए शीघ्र शुरू किया जाएगा।

# जिले में प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण एवं संवर्धन जारी

**उज्जैन। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उज्जैन जिले में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं जीर्णोद्धार के लिए निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।**

अभियान के तहत प्रतिदिन विभिन्न विभागों, जनपद पंचायतों तथा स्थानीय जनसमुदाय के सहयोग से श्रमदान, सफाई एवं तालाब गहरीकरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। शनिवार को स्कूल शिक्षा विभाग की टीम ने भूखी माता घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया। टीम ने पूरे घाट क्षेत्र को साफ कर स्वच्छ एवं सुंदर बनाया।

जनपद पंचायत उज्जैन के सीईओ श्री संदीप यादव ने बताया कि गोविन्द माधव सरोवर (ग्राम पंचायत उमरिया खालसा) में जनपद उज्जैन की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सक्रिय श्रमदान किया। पिछले एक सप्ताह से तालाब गहरीकरण का कार्य लगातार चल रहा है। आसपास के गांवों के 50 से अधिक कृषकों ने अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से तालाब की काली एवं उपजाऊ मिट्टी अपने खेतों में डाली है। इस कार्य का दस्तावेजीकरण भी पंचायत द्वारा किया गया है।

इसी क्रम में शांतिधाम पर झाड़ी-झंखाड़ काटकर सफाई कार्य किया गया, जिससे क्षेत्र स्वच्छ एवं सुंदर हो गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों, पंचायतों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे जल गंगा संवर्धन अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा जल संरक्षण के इस जन-आंदोलन को सफल बनाने में अपना योगदान दें।



प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादकःशानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।